नूपुर - 2016

स्वामी नित्यात्मानन्द जी महाराज के
123वें जन्मोत्सव पर
स्मारिका-रूप में कतिपय 'नूपुर'

श्री रामकृष्ण श्री म प्रकाशन ट्रस्ट
(श्री म ट्रस्ट)

कार्यालय : 579, सैक्टर 18-बी, चण्डीगढ़ 160 018
फोन 0172-2724460

मन्दिर : श्री श्रीरामकृष्ण कथामृत पीठ (श्री पीठ)
सैक्टर 19-डी, चण्डीगढ़ 160019

website : http://www.kathamrita.org
email : srimatrust@yahoo.com

आवरण चित्र :

गीता को सर्वशास्त्रों का सार माना जाता है। ठाकुर सर्वशास्त्रों की सार गीता का सार बता रहे हैं।

श्रीरामकृष्ण— ...गीता पढ़ने से क्या होता है ?— दस बार 'गीता, गीता' बोलने से जो होता है। 'गीता, गीता' बोलते-बोलते 'त्यागी' हो जाता है। संसार में कामिनी-काञ्चन में से जिसकी आसक्ति का त्याग हो गया है, जो ईश्वर में सोलह आना भक्ति दे सका है, वही गीता का मर्म समझा है। गीता की समस्त पुस्तक पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। 'त्यागी, त्यागी' कह सकने पर ही हो जाता है।

डॉक्टर— 'त्यागी' कहो तो एक 'य' वर्ण लाना पड़ता है।

मणि— किन्तु वह 'य' वर्ण बिना लाए भी चलता है, नवद्वीप गोस्वामी ने ठाकुर से कहा था। ठाकुर पेनेटी में महोत्सव देखने गए थे, वहाँ पर नवद्वीप गोस्वामी से यही गीता की बात कही थी। तब गोस्वामी ने कहा, तग् धातु घञ् से 'ताग' हो जाता है, उसके पीछे इन् प्रत्यय लगाने से तागी हो जाता है, त्यागी और तागी का अर्थ एक है।

—कथामृत, भाग-3, 21.3,संस्करण-2013, पृ०326

© श्री म ट्रस्ट

सम्पादन : — डॉ० (श्रीमती) निर्मल मित्तल
डॉ० नौबतराम भारद्वाज

प्रकाशन : प्रेसीडेंट
श्री रामकृष्ण श्री म प्रकाशन ट्रस्ट (श्री म ट्रस्ट)
579, सैक्टर 18-बी, चण्डीगढ़ 160 018
फोन - 0172-2724460

मुद्रण : प्रिंट लैण्ड, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006

कथामृतकार श्री 'म' की सेवक-सन्तान
स्वामी नित्यात्मानन्द जी महाराज को
जो
श्री म दर्शन-ग्रन्थमाला के माध्यम से
श्रीरामकृष्ण-कथा को,
कथामृत में कही-अनकही ठाकुर-वाणी को
हम तक लाए।

'नूपुर' नाम क्यों ?

ठाकुर दक्षिणेश्वर में नरेन्द्र, भवनाथ आदि भक्तों के संग में हैं। ठाकुर गाना गा रहे हैं—

बोल रे श्रीदुर्गा नाम।
(ओ रे आमार आमार आमार मन रे)।
. . .
यदि बोलो छाड़ो-छाड़ो मा, आमि ना छाड़िबो।
बाजन **नूपुर** होये मा तोर चरणे बाजिबो॥*

दीदी जी (श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता) कहा करतीं कि ठाकुर-वाणी का अक्षर-अक्षर है 'नूपुर'। इन 'नूपुरों' की झंकार से सब पाठक ठाकुर का शुद्ध प्यार पाएँ, इस अभिलाषा से ही उन्होंने अपने गुरु महाराज के 101वें जन्म-दिन पर सन् 1994 में स्मारिका-रूप में वार्षिक पत्रिका का प्रारम्भ '**नूपुर**' नाम से किया था। उनका विश्वास था कि ठाकुर-वाणी के पठन-श्रवण-मनन और पालन से व्यक्ति स्वयं बन जाता है माँ के चरणों का 'नूपुर'।

---

* ओ मेरे मन, तू दुर्गा-दुर्गा नाम बोल। ... यदि कहो छोड़, छोड़, किन्तु मैं नहीं छोड़ूँगा। हे माँ, मैं तेरे चरणों का **नूपुर** बनकर बजूँगा।]

— कथामृत भाग II, सप्तदश खण्ड, द्वितीय परिच्छेद

अनुक्रमणिका

निवेदन	...	7
1 श्री 'म' द्वारा गीता-व्याख्या	...	11
2 श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता और गीता	...	19
नूपुर तेरे चरणों का	...	23
3 स्वामी नित्यात्मानन्द जी की गीता शिक्षा	...	25
4 क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ...	...	33
5 Holy Mother Shri Sarada Devi – An illustration of Karmayoga	...	37
6 श्री श्री माँ का कर्मयोग	...	43
7 धर्म संस्थापनार्थाय...	...	49
8 Thakur and the Gita	...	57
9 Shri Ramakrishna on Bhagavad Gita	...	66
10 How I co-relate with Shri Bhagvad Gita	...	75
11 विविधा—		
1. The Two Pillars	...	83
2. From Kathamrita to Sri Ma Trust	...	90
3. श्री म ट्रस्ट— परिचय, उद्देश्य और गतिविधियाँ	...	95

श्री 'म' ट्रस्ट

श्री श्रीरामकृष्ण कथामृत के प्रणेता श्री महेन्द्रनाथ गुप्त, बाद में मास्टर महाशय वा श्री म (M.) के नाम से विख्यात हुए।

इन्हीं श्री म के अन्तरंग शिष्य थे स्वामी नित्यात्मानन्द जो 'श्री म दर्शन' ग्रन्थमाला के प्रणेता हैं। और वे ही हैं श्रीरामकृष्ण श्री म प्रकाशन ट्रस्ट (श्री म ट्रस्ट) के संस्थापक।

अपने जीवन में ठाकुर-वाणी का अक्षरश: पालन करने वाले श्री म के पास दीर्घकाल तक रहकर स्वामी नित्यात्मानन्द जी को विश्वास हो गया था कि जगत् के सकल काम-काज करते हुए भी मन से ईश्वर के साथ रहा जा सकता है और यही है शाश्वत शान्ति तथा परमानन्द का सहज, सरल उपाय। परमानन्द की प्राप्ति ही है मनुष्य-जीवन का एकमात्र उद्देश्य। इसी परमानन्द की प्राप्ति जन-जन को हो, इस उद्देश्य से स्वामी नित्यात्मानन्द जी महाराज ने अपने प्रथम गुरु श्री म की स्मृति में 12 दिसम्बर सन् 1967 को श्री म ट्रस्ट (श्रीरामकृष्ण श्री म प्रकाशन ट्रस्ट) को रोहतक में रजिस्टर करा दिया था जो बाद में चण्डीगढ़ ले आया गया। तब से लेकर आज तक ठाकुर-कृपा से ठाकुर-वाणी के प्रचार-प्रसार का कार्य निरन्तर चल रहा है और आगे बढ़ रहा है।

श्री म ट्रस्ट से जुड़े ठाकुर-भक्तों/सेवकों पर ठाकुर इसी तरह अपना शुद्ध प्यार बनाए रखें, यही उनके श्री चरणों में प्रार्थना है।

—प्रेसिडेंट, श्री म ट्रस्ट

निवेदन

यह संसार हमारी कर्मभूमि है। संसार में आए हैं तो कर्म करना ही होगा। अपनी-अपनी योग्यता, अपनी-अपनी सोच-समझ के अनुसार सभी कर्म करते भी हैं। पर कर्म करते-करते अनेक बार बुद्धि में, मन में द्वन्द्व उपस्थित हो जाता है। द्वन्द्व माने निश्चय नहीं हो पाता कि अमुक कार्य करूँ या न करूँ। कई बार सामने आ पड़ी परिस्थिति को देखकर व्यक्ति घबरा जाता है।

अर्जुन भी युद्ध के लिए प्रस्तुत हुए अपने ही बन्धु-बान्धवों, गुरुजनों को सामने देखकर काँप जाता है। श्री कृष्ण से कहता है—

दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम्।
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति।
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते॥ [गीता : 1/28-29]

[हे कृष्ण! युद्धक्षेत्र में उपस्थित युद्ध के इच्छुक इन स्वजनों को देखकर मेरे अङ्ग शिथिल हुए जा रहे हैं और मुख सूखा जा रहा है तथा मेरे शरीर में कम्प एवं रोमाञ्च हो रहा है।]

अर्जुन आगे कहता है— मैं तो यहाँ खड़ा भी नहीं हो पा रहा और

मेरा मन भ्रमित-सा हो रहा है, माने मेरा माथा घूम रहा है।

गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते ।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः ॥ [गीता : 1/30]

[गाण्डीव हाथ से गिर रहा है, त्वचा भी जल रही है और मन भ्रमित-सा हो रहा है, मैं खड़ा भी नहीं रह पा रहा हूँ।]

और फिर वह अपना निश्चय ही सुना देता है। कह देता है— ''मैं युद्ध नहीं करूँगा''— न योत्स्ये [गीता : 1/9]

किंकर्त्तव्यविमूढ़ (क्या करूँ, क्या न करूँ, इस समय मेरा क्या कर्त्तव्य है, ऐसा सोच पाने की स्थिति जिसकी नहीं है।) हुआ अर्जुन श्री कृष्ण से कहता है—

यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे [गीता : 2/7]

(मेरे लिए जो श्रेयस्कर है, कल्याणकारी है, करणीय है, वह निश्चित करके आप मुझे बताएँ।)

प्रायः हम सभी का अनुभव है कि ऐसी दशा हमारी भी हो जाती है जीवन में कभी-कभी। मन परेशान हो जाता है और कर्तव्य-मार्ग सूझता नहीं। तब हमें भी होता है कि कोई तो आकर बताए 'मैं क्या करूँ', कोई तो मुझे मेरी इस स्थिति से बाहर निकाले, मेरा मार्गदर्शन करे। और ऐसी स्थिति में मार्गदर्शन किसी सद्गुरु से ही मिल सकता है।

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को तब (उस युग में) जो बताया, जो समझाया, उसकी जिज्ञासाओं के उत्तर दिए, वह गीता-ज्ञान आज भी हम सभी को उपलब्ध है। वह ज्ञान आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है, कर सकता है।

पर हम और भी अधिक भाग्यशाली हैं कि आज के इस युग में ठाकुर श्रीरामकृष्ण-प्रदत्त वही ज्ञान और भी सरलतर शब्दों में, आज के मनुष्य की बुद्धि में जो सरलता से आ सके— ऐसा ज्ञान उनकी वाणी के रूप में हमारे पास उपलब्ध

है, श्री म रचित 'कथामृत' के माध्यम से। उस युग में जो भूमिका श्रीकृष्ण की रही, आज वही भूमिका ठाकुर निभा रहे हैं। जैसे श्रीकृष्ण ने अर्जुन की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया, ठीक वैसे ही ठाकुर श्रीरामकृष्ण हमारी प्रत्येक जिज्ञासा का समाधान कर रहे हैं। मानवी-मन में आने वाली ऐसी कोई जिज्ञासा नहीं, मनुष्य-जीवन में आ सकने वाली ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका समाधान उन्होंने न दिया हो। श्री म लिखित कथामृत में वर्णित ठाकुर-वाणी के माध्यम से हम सभी इस समस्त ज्ञान का लाभ उठा सकते हैं।

इस बार 'नूपुर' का विषय रहा— श्रीमद्भगवद्गीता (गीता) के आलोक में ठाकुर श्रीरामकृष्ण, माँ सारदा, स्वामी विवेकानन्द, श्री म आदि ठाकुर-पार्षदों; आगे श्री म की शिष्य-सन्तान स्वामी नित्यात्मानन्द एवं उनकी शिष्या श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता के जीवन व वाणी का किञ्चित् अध्ययन। यह विषय है सागर की भाँति गहरा और इस सागर में केवल रत्न हैं, निश्चित। भक्त-लेखकों ने उसी में से कुछेक रत्नों को यहाँ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। अन्य कुछ लेख 'विविधा' के अन्तर्गत रखे गए हैं।

इस 'नूपुर' में जिन्होंने अपना लेख दिया है, वे सभी श्री 'म ट्रस्ट' से जुड़े हैं। अबकी बार श्री प्रदीप दासगुप्ता के कहने पर उनके मित्र दादा श्री अमल गुप्ता तथा श्री जयदीप दासगुप्ता ने भी लेख भेजे हैं। ठाकुर-माँ-स्वामीजी के भक्त तो वे हैं ही। अपने लेखों के माध्यम से वे 'श्री म ट्रस्ट' से भी जुड़ गए हैं। उनका विशेष धन्यवाद।

सुझाव/प्रतिक्रियाएँ सादर आमन्त्रित हैं।

जय श्रीकृष्ण!

जय श्रीरामकृष्ण!

— डॉ० (श्रीमती) निर्मल मित्तल



श्री म (मास्टर महाशय)

- पूरा नाम : श्री महेन्द्रनाथ गुप्त
- जन्म : शुक्रवार, नाग पञ्चमी, 31वाँ आषाढ़, 14 जुलाई, 1854 ईसवी।
- स्थान : कोलकता में शिमुलिया मोहल्ले की शिवनारायण दास लेन।
- माता–पिता : श्रीमती स्वर्णमयी देवी और श्री मधुसूदन गुप्त– वैद्य ब्राह्मण वंश।
- भाई–बहन : 4 भाइयों और 4 बहनों में तीसरी सन्तान।
- विवाह : सन् 1873 में श्रीमती निकुञ्ज देवी के साथ।
- शिक्षा :
  - सन् 1867 में आठवीं कक्षा से डायरी लेखन।
  - हेयर स्कूल से दसवीं की परीक्षा में द्वितीय स्थान।
  - गणित का एक पेपर न दे सकने पर भी एफ.ए. में 5वाँ स्थान।
  - सन् 1875 में प्रेज़िडैंसी कॉलेज से बी.ए. में तृतीय स्थान।
  - पूर्वी और पश्चिमी विद्याओं में निपुणता।
- गुरु : श्रीरामकृष्ण परमहंस
- गुरु–लाभ : 26 फरवरी, सन् 1882 को रविवार के दिन।
- महासमाधि : शनिवार, 4 जून, सन् 1932 ईसवी को प्रातः 5.30 बजे।

■

1

श्री 'म' द्वारा गीता-व्याख्या

— सन्दीप नांगिया

श्री म अपने पास आने वाले भक्तों को ठाकुर-वाणी के अतिरिक्त गीता, चण्डी, पुराण, भागवत आदि के गूढ़ तत्व बताया/समझाया करते। ये सभी बातें उनके अन्तरंग शिष्य स्वामी नित्यात्मानन्द द्वारा लिखित 'श्री म दर्शन' के 16 भागों में वर्णित हैं।

इस लेख में श्री म द्वारा कृत गीता-व्याख्या के कुछ अंश प्रस्तुत हैं।

श्री म पञ्चदश अध्याय पाठ करके व्याख्या करते हुए कह रहे हैं—

श्री म— ठाकुर बोलते, 'ब्रह्म-माया-जीव-जगत्'। श्री कृष्ण बोले, अश्वत्थ-क्षर-अक्षर-पुरुषोत्तम। अर्जुन का मन देह में है। आत्मीय कुटुम्बियों की देह विनाश हो जाएगी इस कारण शोक, मोह से ऊपर उठाते हैं, देह से ब्रह्म में। बहिर्मुखीन दृष्टि अर्जुन की; जगत् के ऊपर, स्थूल देह के ऊपर उठाकर प्रथम रखा जीवत्व में --- ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः। [गीता : 15/7] वहाँ से कूटस्थ चैतन्य में, अक्षर में, मायोपहित ब्रह्म में, तदनन्तर निरुपाधिक ब्रह्म में। उनको ही 'पुरुषोत्तम' कहा है।

''इसी पुरुषोत्तम को जान सकने पर यह जीव ही शिव हो जाता है। इसीलिए अर्जुन के नेत्रों के सम्मुख यह आदर्श रखा है concrete (स्थूल)

रूप से। गुणातीत स्थितप्रज्ञ पुरुष के लक्षण बोले श्रीकृष्ण-

निर्मानमोहा जितसंगदोषा अध्यात्मनित्या विनिवृत्तकामाः।
द्वन्द्वैर्विमुक्ताः सुखदुःखसंज्ञैर्गच्छन्त्यमूढाः पदमव्ययं तत् ॥ [गीता : 15/5]

''जभी तो भरोसा होगा अर्जुन को। श्रीकृष्ण ने निज अवस्था प्रकारान्तर में बताई। निज प्रच्छन्न रहे। अर्जुन किन्तु तब भी पकड़ नहीं सके। एक बार थोड़ा-थोड़ा समझ पाते हैं, और फिर भूल जाते हैं। यही 'आलो-आंधार' का खेल चलता है। इससे ही काज होता है कि ना। बिल्कुल अज्ञ के द्वारा कुछ होता नहीं, और फिर अतिविज्ञ के द्वारा भी होता नहीं। ये सब ही उनकी महामाया का कार्य। इसके उपरान्त एक अवस्था हुई अर्जुन की। तब बोले, स्थितोऽस्मि गतसन्देहः। कुछ समय के लिए निश्चयरूप से समझ पाए थे। उसी समय ही कार्य करवा लिया। इसके तनिक पूर्व ही श्री कृष्ण बोले थे, मामेकं शरणं व्रज। ठीक-ठीक शरणागत होने से ही काज हो गया।

''श्रीकृष्ण का ही जीवन देखो ना। उनको मान भी नहीं, मोह भी नहीं। दुर्योधनादि इतना अपमान करते हैं तब भी खुदगरज होकर जाते हैं शांति स्थापना के लिए। अपने पुत्र, पौत्रादि झगड़ा करके मरते हैं। वे साक्षीवत् दण्डायमान सब देखते हैं। मनुष्य जैसों के संग रहता है, उसका रंग लग जाता है। इनका वैसा नहीं। जहाँ पर भी जाते हैं सब ही समझते हैं हमारे ही जन हैं ये। किन्तु किसी के भी नहीं वे। वृन्दावन में गोपियाँ सोचती हैं, हमारे कान्त श्रीकृष्ण। किन्तु उन्हें छोड़कर मथुरा चले गए, फिर द्वारका, कुरुक्षेत्र में कितना ही क्या-क्या किया, किन्तु वे निर्लिप्त।

'' 'अध्यात्मनित्याः' अर्थात् अपने स्वरूप का ज्ञान रहता है सर्वदा। श्रीकृष्ण में पूर्ण रूप से वह देखने को मिलता है। नहीं तो युद्ध क्षेत्र में सर्वशास्त्र-सार गीता बोल सकते हैं? अपने लिए कोई कामना नहीं। एक दिन के लिए भी राजा हुए नहीं निज। किन्तु दूसरों को राजा बनाया है। सुखदुःख में फिर समान। सुखदुःख होता नहीं, वैसा नहीं है। मनुष्य का शरीर जब लिया है, तब सब कुछ ही था। किन्तु उससे अभिभूत नहीं। पाण्डवों के कोर्ट में जो भाव, विदुर की कुटीर में भी वही भाव। कुरुक्षेत्र के श्मशान में और राजसूय

यज्ञ में एक ही भाव। जीवत्व माने the doubting self (संशयात्मा)। उनके दर्शन के पश्चात् — माने beyond all doubts- संशयातीत। उनको ही 'स्थितप्रज्ञ' 'ब्राह्मी स्थितिः' 'गुणातीत' कहते हैं।

''ठाकुर की यही अवस्था - मान, मोह बोध नहीं। कितनी कटु बातें बोलते हैं कालीबाड़ी के लोग, किन्तु भ्रूक्षेप नहीं। कैसे उनका भला हो, उल्टा वही करते। 'नन्दन बागान' के ब्राह्मसमाज में आदर हुआ नहीं। किन्तु स्वयं माँग कर खाकर आए। मोह भी था नहीं। रामलाल हर को कितना कष्ट खाने-पहनने का। किन्तु जगन्माता को एक दिन के लिए भी कहा नहीं उसे दूर करने के लिये। अक्षय के लिए शोक किया था। और फिर अधरसेन, केशव सेन इनके शरीर त्याग होने पर रोये थे। किन्तु उन्हीं अल्प कुछ दिनों के लिये। तत्पश्चात् वह बात ही फिर उठाई ही नहीं। शरीर धारण किया था कि ना, जभी भक्तों के लिए यह शोक।

'' 'जितसंगदोषाः' - जहाँ पर ठाकुर जाते हैं, सब ही सोचते हैं हमारा ही जन है। ब्राह्मसमाज के जन बोलते हैं, परमहंस महाशय तो हमारा ही लोग है। कर्ताभजा समझते उनका ही लोग है। देश में गए, ग्राम के लोग सोचते हैं हमारा गदाई आया है, अब गृहस्थ धर्म करवाएँगे। स्त्रियाँ सोचतीं, ये हमारा ही एक जन है। माथुरबाबू के गृह में अन्दर स्त्रियों के महल में स्त्रियों के संग में रहते। तब मधुर भाव में साधन चला था। स्त्री की पोशाक, चालचलन सब उनकी भांति। (सहास्य) कहते, स्त्रियों की भांति इस अंगुली (तर्जनी) से कोयले के चूर्ण से दाँत माँजता था। सब के संग रहते हैं, किन्तु अन्तर में किसी के संग नहीं। केवल माँ के संग हैं -- सर्वदा माँ, माँ। नित्य आहार-विहार, शरीर-रक्षा। ये सब विषय भी देखती हैं माँ ही। माँ ही सब करती हैं। जभी कोई भी कामना नहीं अपने लिए। किन्तु भक्तों के लिए, दुःखी-दरिद्र के लिए, जगत् के लोगों के लिए भावना करते हैं।

''माथुर बाबू की जमींदारी लिखकर देने की प्रार्थना का प्रत्याख्यान किया। मारवाड़ी का दस हजार रुपया लिया नहीं। शरीर के सुखदुःख का बोध भी नहीं। मन तो सर्वदा मग्न ईश्वर में। माथुरबाबू के इतने प्यार में भी उनके अन्तर में और मुख में 'माँ-माँ' और फिर उनका शरीर जाने पर जब सेवा

मिलने में बड़ा दु:ख होता था, तब भी वही 'माँ-माँ'।

''श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो कहा था, ठाकुर भी नरेन्द्र को वही बोले। बाप के हठात् मर जाने पर नरेन्द्र को बड़ा कष्ट होता। मन बड़ा ही उद्विग्न, घर पैसा नहीं। माँ-भाई-बहनों के लिए आहार नहीं। इतने कष्ट में भी मन को नीचे उतरने नहीं दिया। अर्जुन की न्यायीं नरेन्द्र ने माँ काली से माँगा ज्ञान, भक्ति, विवेक-वैराग्य। रुपया, पैसा, आहार इत्यादि माँग सके नहीं। ठाकुर की बात से माँगने गए यह सब, किन्तु माँ के मन्दिर में जाकर माँगी ज्ञानभक्ति। तीन बार भेजा। तीनों बार ही माँगा वही ज्ञान, भक्ति, विवेक, वैराग्य। अन्न-वस्त्र की बात भूल गए। मन को जो ठाकुर ने ऊपर चढ़ा रखा है। ठाकुर तब बोले, मोटा भात, मोटे कपड़े की व्यवस्था माँ ने कर रखी है। इसके लिए चिन्ता मत करो। तुम आत्मस्थ हो जाओ।'

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जिन पुरुषोतम की बात कही श्री कृष्ण रूप में, अब वे नररूप में सम्मुख उपस्थित हैं। अर्जुन बूझ नहीं सके जब तक उन्होंने ही नहीं बुझाया। समझ में आने वाला ही जो नहीं है। यही पुरुषोत्तम ही अब ठाकुर श्री रामकृष्ण! बोले थे, एक दिन सच्चिदानन्द इसके (निज के) भीतर से बाहर आकर बोले— मैं ही युग-युग में अवतार लेता हूँ।

कौन बूझ सकता है यह प्रहेलिका? जिसको बुझाते हैं वही बूझता है।

[श्री म दर्शन, भाग-4, पृष्ठ 133-137]

कर्म क्यों और कैसे किया जाए, इसकी व्याख्या करते हुए श्री म कह रहे हैं :

''संन्यास लेकर बहुत लोग कार्य करते हैं। क्यों? कार्य बाकी जो है। गीता में है -

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते।
योगारूढस्य तस्यैव शम: कारणमुच्यते।। [गीता : 6/3]

''जो योगी होना चाहता है उसे कर्म का प्रयोजन है। निष्काम कर्म के बिना चित्त शुद्ध नहीं होता। तभी मन भी स्थिर नहीं होता। इसलिये निष्काम

कर्म आवश्यक है। चित्त की अशुद्धि क्या है? वासना। नाना वासनाएँ मन को इधर-उधर खींचकर ले जाती हैं। निष्काम कर्म करने पर चित्त की वासना से प्रसूत समस्त वृत्तियों की चंचलता का निरोध हो जाता है। पतंजलि ने सूत्र बनाया है, 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' (चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है)।

''अधिकांश साधक ही आरुरुक्ष होते हैं अत्यन्त अल्प लोग योगारूढ होते हैं। योगारूढ का प्रायः कर्म नहीं होता। केवल उन्हें ही लेकर रहना।''

श्री म *(पूर्व की ओर के घर की छत पर कबूतर-कबूतरी को देखकर, भक्तों के प्रति)*— यह देखो, ये केवल आहार की चेष्टा में हैं — कहाँ पर आहार मिलेगा। मनुष्य किन्तु वैसा नहीं है। उसका और भी एक कुछ है—ईश्वर को पुकारना।

''किसी के लिये भी क्यों न तुम उन्हें पुकारो, तुम उदार हो, महत् हो। गीता में भगवान् ने यही प्रतिज्ञा की है। कहते हैं :

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ॥ [गीता : 7/16]

''जो पुण्यवान् 'सुकृतिनो' होते हैं, वे उनको पुकारते हैं। उनकी चार श्रेणियाँ हैं—आर्त्त, जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी। इसी के पश्चात् ही कहते हैं, 'उदाराः सर्वे एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्।' [गीता : 7/18] सब ही सुकृतिवान्, उदार होने पर भी इनके मध्य ज्ञानी श्रेष्ठ है। क्यों? क्योंकि, भगवान् कहते हैं, ज्ञानी मेरी आत्मा है - ज्ञानी मेरा अपना स्वरूप है। इसीलिये ज्ञानी की सेवा, साधु की सेवा भगवान् की ही सेवा है।'

''ज्ञानी केवल मुझ को चाहता है और कुछ नहीं माँगता-भगवान् कहते हैं। तो फिर दूसरी वस्तुओं के लिए उनसे नहीं कहेगा तो किससे कहेगा? वे तो सब के मालिक हैं! कोई पुकारता है, विपद दूर करो, कोई चित्त के संशय मिटा देने के लिये पुकारता है। कोई पुकारता है अर्थ (धन) के लिये, अर्थात् भोग्य वस्तु के लिये। ये सकाम भक्त हैं। क्रमशः निष्काम होंगे। तब ज्ञानी होंगे। यह ज्ञानी ही उनकी आत्मा है, माने रूप है। ज्ञानी माने, जो भगवान् को चाहते हैं और कुछ नहीं चाहते। धन, मान, यश, पुत्र, राज्य कुछ नहीं। केवल

भगवान को चाहते हैं, जैसे नचिकेता।

[श्री म दर्शन, भाग-15, पृष्ठ 275-276]

श्री म कुछ सोचते हैं और फिर बातें करते हैं।

...

''उसके लिये है कर्मयोग, जिसका मन स्थिर नहीं हुआ है। जिसका मन स्थिर हो गया है, उसके लिये ध्यान योग है। और फिर कर्म करने का भी कौशल बता रहे हैं 'मामनुस्मर युध्य च'। [गीता : 8/7] केवल युद्ध की बात तो नहीं कही। मामनुस्मर, मुझे स्मरण कर सदा। पहले मेरा स्मरण, तत्पश्चात् युद्ध, कर्म। इसे कहते हैं कर्मयोग - कर्म द्वारा उनके संग में युक्त हो जाना। प्रथम स्मरण, तत्पश्चात् कर्म, उसके पश्चात् फिर दुबारा स्मरण और समर्पण। आगे, पीछे उनका स्मरण - बीच में कर्म। इसी का नाम है कर्मयोग।''

[श्री म दर्शन, भाग-4, पृष्ठ 328]

स्वामी अजयानन्द - कर्म, कोई कहता है - करो, कोई कहता है न करो, कौन सा पालनीय है?

श्री म - जब तक शरीर है, कर्म तो करना ही पड़ेगा - 'न हि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्माण्यशेषत:'। [गीता : 18/11]। एकदम general statement (साधारण उक्ति)। बिना किये उपाय नहीं है। तब भी गुरु के आदेशानुसार करना उचित है।

''एक कर्म तो होता है preparatory (प्राथमिक)। इससे चित्त शुद्ध होकर ज्ञानप्राप्ति होती है। और एक प्रकार का कर्म है— प्रत्यादिष्ट कर्म। भगवान्-लाभ के पश्चात् यदि कोई कर्म करता है, तो फिर वह होता है - प्रत्यादिष्ट।

''Ideal (आदर्श) है—प्रथम भगवान् लाभ करना। तत्पश्चात् उनका आदेश यदि कोई पाए तो फिर कर्म कर सकता है। और वह न हो तो निष्काम कर्म करना चाहिए। इससे चित्तशुद्धि हो जाने पर तब फिर उनका लाभ हो

जाता है।'

''निष्काम कर्म है तो चाहे बड़ा कठिन। फिर भी इतना-सा ही कर सकने पर भी उससे ही कार्य हो जाता है-'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्' '' (इस धर्म का अल्पमात्र भी महद् भय से रक्षा करता है। [गीता : 2/40]

''प्रकाशोन्मुख जो कर्म प्रकृति में है, उसे ही गुरु से कह कर करना चाहिए। नूतन झंझट में जड़ित नहीं होना।''

''प्रकृतिस्त्वां नियोक्ष्यति' [गीता : 18/59] प्रकृति अवश करके तुम्हें कर्म में लगाएगी। भगवान् ने गीता में स्पष्ट रूप से यही बात कही है। किन्तु नूतन कर्म में जड़ित मत होना।''

स्वामी अजयानन्द— बहुत जन ही नया कार्य करने के लिए— बढ़ाने के लिए कहते हैं।

श्री म *(विरक्ति सहित)*— वे तो कहेंगे ही। किन्तु हम उनकी वाणी कहते हैं। अन्य एक अवतार की life (जीवनी) देखने पर यह अच्छी तरह समझ में आ जाता है। भाष्यकार का काम नहीं है यह। यह बात अति स्पष्ट रूप से गीता में है - 'धूमेनाव्रियते वह्निः [गीता : 3/38] कर्म से आत्मा ढक जाती है। जहाँ पर ही कर्म है वहाँ पर ही धुआँ है। वहाँ पर ही ज्ञान के ऊपर आवरण है। जैसे धूम अग्नि को ढके रखता है।

श्री म (पूर्व की ओर बैठे हुए भक्तों के प्रति)— इसीलिए ही तो बीच-बीच में निर्जन में चले जाना चाहिए। आश्रम में रहते हुए भी कभी-कभी निर्जन में चले जाना चाहिए।

[श्री म दर्शन, भाग-16, पृष्ठ 74-75]

●

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता (1915 – 2002)

- माँ सारदा के जन्मोत्सव पर सन् 1958 की प्रथम भेंट से ही स्वामी नित्यात्मानन्द जी की अन्तरंग शिष्या एवं उनके पश्चात् श्री म ट्रस्ट की आजीवन अध्यक्षा।
- स्वामीजी द्वारा रचित बंगला 'श्री म दर्शन' ग्रन्थमाला का प्रकाशन और उसका हिन्दी–अनुवाद तथा प्रकाशन।
- बंगला कथामृत का हिन्दी–अनुवाद तथा प्रकाशन।
- इनके पति प्रोफेसर धर्मपाल गुप्ता द्वारा
  - – हिन्दी 'श्री म दर्शन' का 'M., the Apostle and the Evengelist' नाम से तथा
  - – हिन्दी कथामृत का 'Kathamrita' नाम से ही अंग्रेज़ी–अनुवाद और प्रकाशन।

■

2

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता और गीता

— डॉ० नौबतराम भारद्वाज

लेखक को मैट्रिक की परीक्षा के पश्चात् सन् 1965 से 1972 तक, आठ वर्षों तक, पूज्य स्वामी नित्यात्मानन्द जी, श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता तथा श्री धर्मपाल गुप्त— तीनों का ही सान्निध्य लाभ हुआ।

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता का जीवन रहा गीता के मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित। इसी बात को प्रस्तुत करता यह लेख।

गीता हिन्दुओं का ही नहीं, अपितु समग्र विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय धर्म-ग्रन्थ है। श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता ने कैसे इस अनुपम ग्रन्थ को अपने जीवन में उतारा और कैसे वे गीतामय जीवन यापन करती थीं, आइए इसकी एक झलक पाने का प्रयास करते हैं :

भक्तों, भक्त-परिवारों में वे 'मम्मी' अथवा 'दीदी जी' सम्बोधनों से अभिहित होती थीं। बचपन से ही उनकी गीता तथा रामायण में प्रबल श्रद्धा थी। इन ग्रन्थों के विषय में अटूट विश्वास उन्हें अपनी माँ से विरासत के रूप में मिला था। गीता के 'गतासून्' (जिनके प्राण चले गए हैं अर्थात् मृत) तथा 'अगतासून्' (जिनके प्राण नहीं गए हैं अर्थात् जीवित) प्राणियों के बारे में उन्हें जीवन के शैशवकाल से ही जिज्ञासा थी।

अपनी इस जिज्ञासा को उन्होंने अपने गुरु स्वामी नित्यात्मानन्द जी के

समक्ष रखा भी था। अपनी प्रथम मुलाकात में उन्होंने अपने अन्य प्रश्नों के साथ-साथ यह भी पूछा था :

महाराज जी, गीता में भगवान ने कहा है कि जीव मरता नहीं और गीता भगवान की वाणी है। भगवान तो झूठ बोलते नहीं। मेरे बहन, बहनोई, बच्चा कहाँ हैं? वे सन् 1950 में मर गए थे। वे कहाँ हैं? बताओ।

उनके सुपुत्र, डॉ० कमल गुप्ता, उनके विषय में लिखते हैं—

'I realise that the common thread running through her entire life was regarding certain basic issues:
what is the purpose of life?
Why was I born and what is it that my life must achieve.'

[लाइयाँ ते तोड़ निभाइयाँ, पृ० 24-25, प्रकाशक: श्री म ट्रस्ट]

वर्ष 1958 में वे पूज्य गुरु महाराज स्वामी नित्यात्मानन्द जी से प्रथम बार मिलीं। उन्हें मिलने से पूर्व ही वे गीता तथा गीता-दर्शन से बहुत प्रभावित थीं। पू० महाराज से अपनी प्रथम भेंट का वर्णन करते हुए उन्होंने स्वीकार किया है कि पू० महाराज से अपने घर आने का निमन्त्रण देने का साहस वे नहीं कर पा रही थीं! ऐसा तेजस्वी, त्यागी, वैरागी सन्त पता नहीं एक साधारण गृहस्थ के घर आए या न आए। ऐसे में उन्हें गीता के 'अपि चेत् सुदुराचारो...'[1] से ही भरोसा मिला।[2]

गीता के 'नियतं कुरु कर्म त्वं'[3] तथा निष्काम कर्म के मूलभूत सिद्धान्तों ने मानो उनके जीवन में स्थायी निवास पा लिया था। उनके सम्पर्क में आया प्रत्येक सम्बन्धी, मित्र, जिज्ञासु, धर्मी, कर्मी इस बात को उन्मुक्त भाव से स्वीकार करता है कि वे एक अतीव कर्मठ महिला थीं। ऐसा लगता था कि आलस्य तो उनके निकट फटकता भी नहीं है। असह्य शारीरिक लाचारियों के बावजूद भी उन्हें 17-18 घण्टे अम्लानभावे कार्यरत देखा गया है।

---

1 अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव स मन्तव्यः, सम्यग्व्यवसितो हि सः॥ [गीता : 9/30]

2 नूपुर 2001, पृ० 81-90।

3 गीता : 3/8

यही कर्म जब निष्काम हो जाए तो कहा जा सकता है कि गीता उस व्यक्ति में साक्षात् अवतरित हो रही है। कर्म जब कर्म के लिए ही किया जाता है और फल की इच्छा के बिना भी किया जाता है, तो वह स्वाभाविकतया ही गीता का 'निष्काम' कर्म होता है। मम्मी के सम्पर्क में आया प्राय: हर व्यक्ति थोड़े मनन से ही यह स्वीकार करने को प्रस्तुत हो जाएगा कि उनका कोई भी काज शायद ही सकाम हो। गृहस्थाश्रम के सभी कर्त्तव्य और सन्तानों के प्रति सभी दायित्व उन्होंने केवल और केवल कर्त्तव्य भावना से ही निभाए।

जनवरी, 1972 की बात है। पू० महाराज और 'मम्मी' प्रतिदिन चण्डीगढ़ के रोज गार्डन, सैक्टर 16 में नित्य प्रात: सैर करने जाया करते। ठण्ड के कारण सूर्योदय के कुछ समय बाद ही जाया जाता। जाना प्राय: पैदल होता और आना अनेक बार रिक्शा में। वहाँ प्रवेश करते ही आमने-सामने मुँह किए चार बैंचों वाला एक स्थान था, जहाँ एक बैंच पर पू० महाराज तथा दूसरे बैंच पर अपना बैग साथ में रखकर 'मम्मी' बैठती थीं। वे वहाँ महाराज जी की उपस्थिति में गीता की क्लास लगाया करतीं। यूँ कहिए कि यह गीता-क्लास के लिए 'मम्मी' की ट्रेनिंग थी। गीता के श्लोक वे क्रमश: पढ़तीं और उनकी व्याख्या करतीं। पू० महाराज भी बीच-बीच में अपना मन्तव्य देते। इधर ग्यारह सैक्टर से 'मम्मी' की गुरु-बहिन श्रीमती प्रवेश बजाज भी अपनी बेटी रंजना को साथ लेकर प्राय: प्रतिदिन आया करतीं। रोज गार्डन में प्रात: भ्रमण के लिए आने वाले कुछेक जन भी कौतूहलवश देखते कि यहाँ क्या हो रहा है और फिर उस क्लास में सम्मिलित हुआ करते।

'मम्मी' ने उस स्थान का नाम 'सिद्ध पीठ' रख दिया था। जनवरी-फरवरी— पूरे दो महीने यह सिलसिला चलता रहा। पू० महाराज तो 2 मार्च, 1972 को एकजन भक्त के साथ अगले दो महीने के लिए तुलसी मठ, ऋषिकेश चले गए और मम्मी भी उस दौरान अधिकांशत: चण्डीगढ़ से बाहर ही रहीं।

इस प्रकार ठाकुर की अनन्त कृपा से सम्पूर्ण गीता का पाठ तथा उसे गुरु महाराज के पावन सान्निध्य में सुनने-जानने-समझने का सुअवसर उन्हें

प्राप्त हुआ।

12 जुलाई, 1975 को पूज्य महाराज के देहावसान के उपरान्त तो श्री म ट्रस्ट के मन्दिर श्री पीठ में गीता-क्लास के साथ-साथ 'मम्मी' ने अनेक भक्तों के निवास पर भी नियमित गीता-क्लास का आयोजन किया।

'दीदी जी' की मन्त्र शिष्या श्रीमती शकुन्तला बन्सल लिखती हैं :

''धीरे-धीरे दीदी ने हमारे यहाँ गीता-क्लास आरम्भ कर दी। प्रत्येक सोमवार को क्लास होती। समय भी निश्चित कर दिया— प्रातः दस से बारह बजे तक का। मेरे घर में ड्राईंग रूम के बगल में छोटा-सा कमरा था, उसी में उन्होंने मन्दिर बना दिया। आज भी वह कमरा मन्दिर ही है। उसी में गीता-क्लास शुरु हो गई। क्लास में हम दो-चार जन ही होते। गीता पढ़ाते समय बीच-बीच में वे 'कथामृत' और 'श्री म दर्शन' से उदाहरण देतीं।''*

'मम्मी' के अपने जीवन में गीता का पूर्ण पालन रहा।

●

* ''लाइयाँ ते तोड़ निभाइयाँ'', पृष्ठ 76

नूपुर तेरे चरणों का

श्रीमती ईश्वरदेवी गुप्ता अपने गुरु स्वामी नित्यात्मानन्द के संग रहीं लगभग 16 वर्ष तक (सन् 1958 से 1975 तक)। इस सुदीर्घ काल में अपने गुरु के संग रहते-रहते उनकी मन:स्थिति में धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा। महाराज जी से मिलने के लगभग पाँच वर्ष पश्चात् सन् 1963 में तो वे उन्मनी-सी रहने लगीं— हर समय जैसे इस जगत से दूर, कहीं और खोई हुई— भाव में। उन्हीं दिनों उन्होंने अनेक मनोभाव, विचार कविताबद्ध किए। उन द्वारा रचित यह गीत भी उन्हीं दिनों (16 मई, 1964) का है। तब वे बाह्य रूप से थीं उन्मादवत् पर भीतर से आनन्द ही आनन्द। वे यूँ रहतीं जैसे प्रतिपल हों वे माँ के संग, जैसे वे हों माँ के चरणों का नूपुर, दिन-रात 'माँ' के अंग-संग।

नूपुर तेरे चरणों का, मैं यदि बन पाऊँ माँ।
तेरे चरण की हर गति के संग-संग बज पाऊँ माँ॥

तेरे कदम की हर झंकार में, मन मेरा बज जाए माँ।
इसी तरह दिन-रात के संग से, भेद तुम्हारा पाऊँ माँ॥

तुम हो कौन, मैं हूँ कौन, खोज यदि पा जाऊँ माँ।
नूपुर-गति से दूर रहूँ तब, मौन गीत सुन पाऊँ माँ॥

—नूपुर-2015, पृष्ठ 30

स्वामी नित्यात्मानन्द जी

- जन्म का नाम : जगबन्धु राय।
- जन्म : गंगा दशहरा, सन् 1893 (मामा श्री भैरवराय और श्री गोबिन्दराय के घर)
- स्थान : पूर्वी बंगाल (बंगला देश) के मैमनसिंह ज़िले का कोठियादि नाम का कस्बा
- शिक्षा : लॉ तक। लॉ करते–करते श्री म के पास जाने लगे। श्री म कथित ठाकुर की बातें डायरी में लिखने लगे।
- दीक्षा : स्वामी शिवानन्द (महापुरुष महाराज) जी से दीक्षित।
- ऋषिकेश–वास : सन् 1938 से ऋषिकेश में वास और 'श्री म दर्शन' महाग्रन्थ–माला का लेखन और प्रैस कॉपी की तैयारी।
- सन् 1958 में श्रीमती ईश्वर देवी गुप्ता से भेंट। शेष जीवन प्रायः उन्हीं के वास स्थान को निज आश्रम बनाए रखा। उनकी–सेवा सहायता से श्री म दर्शन का मुद्रण–प्रकाशन आरम्भ। रोहतक में सन् 1967 में श्री म ट्रस्ट की स्थापना।
- महासमाधि : 12 जुलाई, सन् 1975 को # 579/18–बी, चण्डीगढ़ में।

■

3

स्वामी नित्यात्मानन्द जी की गीता शिक्षा

— डॉ० नौबतराम भारद्वाज

गीता के 'त्यागी' अर्थ में था स्वामी नित्यात्मानन्द का मूर्त्त जीवन। पूज्य स्वामी नित्यात्मानन्द जी से शिक्षित-दीक्षित उनके ही इस प्रत्यक्षदर्शी शिष्य द्वारा प्रस्तुत है यह विवरण।

भक्तों के धर्मजीवन की नींव सुप्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से 1923 ईसवी में श्री म मिहिजाम में अरण्यवास कर रहे हैं। यहाँ जगबन्धु महाराज (स्वामी नित्यात्मानन्द) और विनय महाराज (स्वामी जितात्मानन्द) ने तो ब्रह्मचारी रूप में सारा समय ही अहर्निश मास्टर महाशय का सङ्ग लाभ किया। बेलुड़ मठ के स्वामी विश्वानन्द, स्वामी राघवानन्द आदि अनेक साधु-भक्त भी श्री म के दर्शनार्थ यदा-कदा आते-जाते रहे।*

श्री म का ब्रह्मचारी भक्तों के साथ यहाँ निवास वैदिक ऋषियों के शिष्यों सहित अरण्यवास की याद दिलाता है। जगबन्धु महाराज [बाद में स्वामी नित्यात्मानन्द] की तो बचपन से ही ऋषि-संग वास की उत्कट इच्छा थी। श्री म दर्शन के प्रथम खण्ड में उनकी यह इच्छा सर्वतोभावेन दैवी योजना से

* श्री म दर्शन, प्रथम खण्ड द्रष्टव्य।

पूरी होती हुई दिखाई देती है। यहाँ की निर्धारित दिनचर्या में निर्दिष्ट समय पर गीता का पाठ भी उपनिषद्, चण्डी, भागवत, कथामृत आदि शास्त्र ग्रन्थों के पाठ के साथ-साथ होता।

बात 5 अप्रैल, 1923 ईस्वी की है। श्री म प्रात: दस बजे इस वसन्त काल में श्रीमद्भगवद् गीता हाथ में लिए मिहिजाम कुटीर के ठाकुर-घर से, बाहर बरामदे में बिछे तख्तपोष पर आकर बैठ गए और गीता के अष्टादश अध्याय का पाठ करने लगे और बीच-बीच में व्याख्या करने लगे।[1]

प्रसङ्गत: श्री म के श्री मुख से सात्त्विक, राजसिक और तामसिक कर्मियों के लक्षण भक्तों ने विस्तार से सुने। अन्ततोगत्वा श्री म कहने लगे—

> ''मुखस्थ कर रखना अच्छा। जाना न हुआ हो तो अपने साथ मिलान नहीं किया जा सकता। प्रार्थना फिर कैसे की जाएगी? मैं कहाँ हूँ— क्या होना चाहता हूँ, यह जान लेने पर ही प्रार्थना की जाती है। निर्जन में एक-एक श्लोक का ध्यान करना चाहिए। किताबों का ढेर पढ़ने का कोई प्रयोजन नहीं। ध्यान और प्रार्थना— इनसे सब हो जाता है।[2]''
>
> ''अच्छा, ये जो छ: श्लोक[3] आज पढ़े हैं, सबको ही मुखस्थ कर रखना उचित। इनसे अपनी अवस्था भी जानी जाती है और मनुष्य को झट से पहचाना जा सकता है। ठाकुर कहा करते, 'गीता सर्वशास्त्रों का सार।' गीता पढ़ना अच्छा। मुखस्थ कर लेना उचित प्रत्येक को।''[4]
>
> ध्यातव्य है कि जगबन्धु महाराज को समग्र गीता कण्ठस्थ थी। उनके विषय में यदि यह कहा जाय कि उन्होंने गीता का ही जीवन यापन किया है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिन्हें उनका संगलाभ हुआ है, वे जब उनके साथ जिए जीवन का

1 श्री म दर्शन, प्रथम भाग, द्वितीय संस्करण, पृ० 319

2 श्री म दर्शन, प्रथम भाग, द्वितीय संस्करण, पृ० 322

3 गीता, XVIII, 23-28 श्लोक।

4 श्री म दर्शन, प्रथम भाग द्वितीय संस्करण, पृ० 323

अनुध्यान करते हैं तो स्पष्ट देखते हैं कि जगबन्धु महाराज का समग्र जीवन ही गीतामय था।

इसी प्रकार के एक अन्य गीता-प्रसङ्ग का उल्लेख करता हूँ— जगबन्धु महाराज मार्टन स्कूल के श्री म के कक्ष में बैठे हैं।[1] एक अन्य भक्त मोहन बांशी भी उनके साथ स्कूल के एक बैंच पर बैठे हैं। मोहन बांशी काफी समय से शास्त्रों से अनेक उद्धरण दे-दे कर कह रहे हैं, अमुक शास्त्र में यह लिखा है, अमुक में वह लिखा है। धर्म का सम्बन्ध तो सीधा आचरण से है, मात्र शास्त्र बघारने से नहीं है; इसलिए श्री म खिन्न-से होकर तुरन्त गीता के द्वादश अध्याय से भक्ति योग की व्याख्या करने लगे और 'अद्वेष्टा', 'मैत्र', 'करुण', 'निर्भय', 'क्षमी', 'निरहंकार', 'अनपेक्ष', 'उदासीन' आदि उत्तम भक्त के लक्षणों को एक-एक करके बताने लगे। निष्कर्षत: वे कहने लगे—

''ठाकुर के जीवन में वे समस्त देखे हैं। गीता का ही जीवन था कि ना— गीता विग्रह श्रीरामकृष्ण।[2]''

इसके पश्चात् हम देखते हैं कि जगबन्धु महाराज गीता-विग्रह श्रीरामकृष्ण में अपना अटूट विश्वास व्यक्त करते हैं। सम्भवत: इसी गीता-शिक्षण का ही फल था कि जगबन्धु महाराज (स्वामी नित्यात्मानन्द जी) ने अपनी इहलोक यात्रा के अन्तिम चरण में जो चार कैम्पाश्रम हिमाचल प्रदेश स्थित सोलन में वर्ष 1970, 1971, 1972 और 1973 में आयोजित किए थे, उनमें आश्रम की दैनिक चर्चा में गीता-पाठ एवं उसका अनुध्यान एक आवश्यक अंग था।

जगबन्धु महाराज के जीवन में घटा इसी प्रकार का एक अन्य प्रसङ्ग भी उल्लेखनीय है :

वसन्तकाल के प्रात: आठ बजे हैं। श्री म मार्टन स्कूल के अपने कक्ष में शय्या पर ही उत्तरास्य बैठे हैं और जगबन्धु महाराज को गीता का पञ्चदश अध्याय पाठ करके सुना रहे हैं[3] और बीच-बीच में व्याख्या भी करते हैं—

''यह अध्याय ही गीता का सार है। केवल गीता ही क्यों,

1 23 मार्च, 1924 ईस्वी।

2 श्री म दर्शन, हिन्दी, चतुर्थ भाग, पृ० 101

3 29 मार्च, 1924 ईस्वी।

सर्वशास्त्रों का सार है। संसार का मोह जाना नहीं चाहता है कि ना, तभी तत्त्व की ओर दृष्टि किए दे रहे हैं। बुद्धि को ही खींचकर ऊपर उठा दे रहे हैं। जैसे मनुष्य को होना स्वाभाविक, वैसे ही अर्जुन को मोह उपस्थित हुआ है। अपने आत्मीयों/कुटुम्बियों को कैसे मारे? देह-बुद्धि से मन को खींचकर आत्मस्थ किए दे रहे हैं। इसका स्वाद मिल जाने पर फिर नीचे उतरेगा नहीं। आत्मज्ञान बिना, ब्रह्मदृष्टि बिना देहबुद्धि जाती नहीं। अर्जुन के द्वारा कार्य करवाना होगा— धर्मयुद्ध। अर्जुन को उपलक्ष्य करके समस्त जगत् को शिक्षा देते हैं। यह घटना रात-दिन होती है।[1]''

इसी प्रसङ्ग में इसी पञ्चदश अध्याय के पाँचवें श्लोक में बताए गए गुणातीत स्थितप्रज्ञ के लक्षणों के प्रत्येक पद की श्री म ने व्याख्या की। जब देखा जगबन्धु महाराज ने वह सब ग्रहण कर लिया है, तो श्री म कहने लगे—

''श्री कृष्ण ने अर्जुन को जिन पुरुषोत्तम की बात कही, वे ही श्री कृष्ण रूप में, नर-रूप में सम्मुख उपस्थित हैं। अर्जुन बूझ नहीं सके जब तक उन्होंने ही नहीं बुझाया। समझ में आने वाला ही जो नहीं है। यही पुरुषोत्तम ही अब ठाकुर श्रीरामकृष्ण। बोले थे, 'एक दिन सच्चिदानन्द इसके (निज के) भीतर से बाहर आकर बोले : मैं ही युग-युग में अवतार होता हूँ।'

''कौन बूझ सकता है यह प्रहेलिका? जिसको बुझाते हैं, वही बूझता है।''[2]

एक बार की बात है कि श्री म मार्टन स्कूल की चारतले की छत पर खुले में ही उपनिषद् पाठ कर रहे हैं।[3] जगबन्धु महाराज, विनय महाराज, छोटे जितेन सुन रहे हैं। धर्मजीवन के साधन पक्ष की चर्चा करके श्री म आध घण्टे नीरव

---

1 श्री म दर्शन, चतुर्थ भाग, पृ० 133-34

2 श्री म दर्शन, चतुर्थ भाग, पृ० 137

3 20 अप्रैल, 1924 ईस्वी।

बैठे रहे और श्रोता भक्तगण अब तक जो पढ़ा गया था, उसका ध्यान करते रहे। इसके प्राय: आधा घण्टे बाद श्री म ने गीता खोली और चतुर्थ अध्याय के ये तीन श्लोक पढ़कर सुनाने लगे—

निराशीर्यतचित्तात्मा त्यक्तसर्वपरिग्रह:।
शारीरं केवलं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्बिषम्॥

यदृच्छालाभसंतुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सर:।
सम: सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते॥

गतसङ्गस्य मुक्तस्य ज्ञानावस्थितचेतस:।
यज्ञायाचरत: कर्म समग्रं प्रविलीयते॥

[जिसने अन्त:करण और शरीर जीत लिया है और सम्पूर्ण भोगों की सामग्री त्याग दी है, ऐसा आशा रहित पुरुष केवल शरीर सम्बन्धी कर्म को करता हुआ भी पाप को प्राप्त नहीं होता।

अपने आप जो कुछ भी आ प्राप्त हो, उसमें ही संतुष्ट रहने वाला और हर्षशोकादि द्वन्द्वों से अतीत हुआ तथा मात्सर्य रहित होकर सिद्धि एवं असिद्धि में समत्व भाव वाला पुरुष कर्मों को करके भी उनके बन्धन में नहीं बन्धता।

आसक्ति रहित होकर ज्ञान में स्थित हुए चित्त वाले युक्त पुरुष के यज्ञ के लिए आचरण करते हुए सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं।] (गीता : 4:21-23)

इसके उपरान्त इन श्लोकों के प्रत्येक पद की श्री म ने व्याख्या की और अन्त में प्रसङ्ग का उपसंहार करते हुए भक्तों से कहने लगे—

"श्री कृष्ण के जीवन में भी ये सब भाव प्रकाशित हुए थे। अपनी बात ही गीता में कहते हैं। जब ठाकुर समाधिस्थ रहते थे तब भीतर क्या होता है, उसे कौन बूझेगा? भक्त लोग केवल देखते रहते, यदि कोई कुछ समझ सके। व्युत्थित होकर जब साधारण अवस्था में रहते मनुष्य की भाँति, तब यही सब जो गीता में कहा गया है, वह देखा जाता। आत्मदर्शन के पश्चात् महापुरुषों के मध्य यह सब दिखाई देता है। आत्मदर्शन के तभी

तो ये सब साधन हैं।''[1]

युगावतार भगवान श्रीरामकृष्ण गीता का अर्थ सरलतम भाषा में समझाते हुए कहते हैं कि गीता-गीता दस बार लगातार कहते रहने से जो उच्चारित होने लगता है, वही है सम्पूर्ण गीता का एक शब्द में अर्थ। अर्थात् 'त्यागी' ही गीता का एक शब्द में अर्थ है। समग्र गीता का एक शब्द में अर्थ समझाने का इससे सरल उपाय अन्यत्र कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता।

जगबन्धु महाराज का समग्र जीवन उसी त्याग की एक सुदीर्घ गाथा है— चाहे वह मास्टर महाशय के पास 1923 ईस्वी से 1932 ईस्वी तक का लगभग दस वर्षों का गुरुसंग वास हो; अथवा परवर्त्ती प्राय: छ: वर्षों का 1938 ईस्वी पर्यन्त रामकृष्ण मठ और मिशन के साधुरूप में 'शिवज्ञाने सेवा' का व्रत हो, या फिर 1939 ईस्वी से जुलाई 12, 1975 ईस्वी पर्यन्त शेष साधु जीवन ही क्यों न हो; गीता के इस 'त्यागी' अर्थ को जब हम स्वामी नित्यात्मानन्द जी के जीवन में मूर्त्त हुआ देखते हैं तो उपनिषदों के ये वाक्य कुछ-कुछ अवश्य समझ में आते हैं—

'त्यागेनैके अमृतत्त्वमानशु:'[2] (किसी-किसी ऋषि ने केवल त्याग द्वारा ही अमृतत्व-लाभ किया।) अथवा 'तपो ब्रह्म।'[3] (तप ही ब्रह्म है।)

●

1 श्री म दर्शन, पंचम भाग, पृ० 225।

2 कैवल्योपनिषत् 3, महानारायणोपनिषत् 10-5

3 तैत्तिरीयोपनिषत् 3-3, 3-4, 3-5

प्रधान कार्य है ईश्वर को जना देना

तुम जब समझते हो कि सर्वभूतों में वे हैं— उनके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है— संसार, स्वदेश उनके बिना नहीं है। भगवान के साक्षात्कार के बाद देखोगे वे ही परिपूर्ण हुए रह रहे हैं। ऋषि वशिष्ठदेव ने रामचन्द्र से कहा था, 'राम, तुम जो संसार-त्याग करोगे कहते हो, मेरे साथ विचार करो; यदि ईश्वर इस संसार के बिना हों तब ही तो त्याग करना'। रामचन्द्र ने आत्मा का साक्षात्कार किया हुआ था, इसीलिए चुप रहे।

ठाकुर श्रीरामकृष्ण कहते, ''छुरी का व्यवहार (इस्तेमाल) जानकर छुरी हाथ में लो।'' स्वामी विवेकानन्द ने दिखाया कि यथार्थ कर्मयोगी किसे कहते हैं। देश का क्या उपकार करोगे? स्वामीजी जानते थे कि देश के गरीबों को धन देकर सहायता करने की अपेक्षा और अनेक महत् कार्य हैं। ईश्वर को जना देना प्रधान कार्य है। उसके बाद है विद्यादान; उसके परे जीवनदान; उसके परे अन्न-वस्त्र दान।

—श्री श्रीरामकृष्ण कथामृत, भाग पाँच, 2011, पृष्ठ 263-64

स्वामी विवेकानन्द

- घर का नाम : नरेन्द्रनाथ दत्त।
- जन्म : 12 जनवरी, सन् 1863 ईसवी।
- स्थान : सिमला मुहल्ला, कोलकता।
- माता–पिता : श्रीमती भुवनेश्वरी देवी और विश्वनाथ दत्त।
- शिक्षा : बी.ए. दर्शनशास्त्र में विशेष रुचि।
- गुरु : श्रीरामकृष्ण परमहंस।
- बेलूड़ मठ की स्थापना : फरवरी, 1898 ईसवी।
- महासमाधि : 4 जुलाई, 1902 ईसवी।

■

4

क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ...

(A collection from the complete works of Swami Vivekananda)

— प्रस्तुति : डॉ० निर्मल मित्तल

स्वामी विवेकानन्द का निज का जीवन ही रहा गीता का मूर्त्त रूप। 'The Complete works of Swami Vivekananda' में गीता पर उनके विचार यहाँ-वहाँ बिखरे हैं। गीता का एक श्लोक—

'क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते।
क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वोत्तिष्ठ परंतप॥' [गीता : 2/3]

उन्हें सर्वाधिक प्रिय था। इसकी व्याख्या करते हुए वे कहते हैं :

Yield not to unmanliness, O son of Pritha! It doth not become thee. Cast off this mean faint-heartedness and arise, O scorcher of thine enemies!"

...

In the Shloka why is Shri Krishna goading Arjuna to fight? Because it was not that the disinclination of Arjuna to fight arose out of the overwhelming predominance of pure Sattva Guna; it was all Tamas that brought on this unwillingness.

The nature of a man of Sattva Guna is, that he is equally calm in all situations in life— whether it be prosperity or

adversity.

But Arjuna was afraid, he was overwhelmed with pity. That he had the instinct and the inclination to fight is proved by the simple fact that he came to the battlefield with no other purpose than that. Frequently in our lives also such things are seen to happen. Many people think they are Sattvika by nature, but they are really nothing but tamasika.

…

The Tamoguna loves very much to array itself in the garb of the Sattva. Here, in Arjuna, the mighty warrior, it has come under the guise of Daya (pity).

In order to remove this delusion which had overtaken Arjuna, what did the Bhagavan say?
As I always preach that you should not decry a man by calling him a sinner but that you should draw his attention to the omnipotent power that is in him, in the same way does the Bhagavan speak to Arjuna— नैतत्त्वय्युपपद्यते— "It doth not befit thee!"

"Thou art Atman imperishable, beyond all evil. Having forgotten thy real nature, thou hast, by thinking thyself a sinner, as one afflicted with bodily evils and mental grief, thou hast made thyself so— this doth not befit thee!"

So says the Bhagavan : ''क्लैब्यं मास्म गमः पार्थ— Yield not to unmanliness, O son of Pritha. There is in the world neighter sin nor misery, neither disease not grief; if there is anything in the world which can be called sin, it is this— "fear"; know that any work which brings out the latent power in thee is Punya (virtue); and that which makes thy body and mind weak is verily sin. Shake off this weakness, this faint-heartedness! क्लैब्यं मास्म गमः पार्थ— Thou art a hero, a Vira; this is unbecoming of thee."

If you, my sons, can proclaim this message to the world क्लैब्यं मास्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते— then all this disease, grief, sin, and sorrow will vanish from off the face of the earth in three days. All these ideas of weakness will be nowhere. Now it is everywhere— this current of the vibration of fear. Reverse the current; bring in the opposite vibration, and behold the magic transformation!

Thou are omnipotent— go, go to the mouth of the cannon, fear not. Hate not the most abject sinner, look not to his exterior. Turn thy gaze inward, where resides the Paramatman. Proclaim to the whole world with trumpet voice. "There is no sin in thee, there is no misery in thee; thou art the reservoir of omnipotent power.
Arise, awake, and manifest the Divinity within!"

If one reads this one Shloka— ''क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते। क्षुद्रं हृदयदौर्बल्यं त्यक्त्वोत्तिष्ठ परंतप॥''— one gets all the merits of reading the entire Gita; for in this one Shloka lies embedded the whole Message of the Gita.

[Complete Works of Swami Vivekananda, Vol. IV, 108-10]



माँ सारदा

- जन्म : 22 दिसम्बर, सन् 1853 ईसवी।
- स्थान : जयराम बाटी (कामारपुकुर से 4 मील और दक्षिणेश्वर से 60 मील)
- माता–पिता : श्रीमती श्यामा सुन्दरी और श्री रामचन्द्र मुखोपाध्याय।
- भाई–बहन : चार छोटे भाइयों की बहन।
- विवाह : 6–7 वर्ष की अल्पायु में सन् 1859 में 22–23 वर्षीय ठाकुर रामकृष्ण के साथ।
- दक्षिणेश्वर–वास : प्रथम बार सन् 1872 में गंगा–स्नान के लिए जा रहे यात्री–दल के साथ 60 मील पैदल चल कर दक्षिणेश्वर पहुँचीं। बाद में वे आवश्यकतानुसार कभी दक्षिणेश्वर, कभी जयराम बाटी रहती रहीं। ठाकुर के देहावसान के पश्चात् वे प्रायः कोलकता रहा करतीं।
- महासमाधि : कोलकता में 21 जुलाई, सन् 1920 ईसवी को रात्रि डेढ़ बजे।

■

5

Holy Mother Shri Sarada Devi – An illustration of *Karmayoga*

—Ashish Dasgupta

ठाकुर 50 वर्ष की अवस्था में ही अपने रोते-बिलखते भक्त बालकों को छोड़कर चले गए थे। उन सभी बच्चों को बाद में माँ सारदा ने सम्भाला तथा ठाकुर के शेष कार्य को पूरा करने में पूरा जीवन लगा दिया। वे ही संघ-जननी बनीं, शिव-ज्ञाने-जीव-सेवा कार्य के लिए भक्तों की प्रेरणा बनीं। कर्मयोग का जीवन्त उदाहरण बनीं। कर्म करते-करते ही नाम-जप कैसे किया जा सकता है, उन्होंने भक्तों को सिखाया।

Cossipore Udyan Bati, Kolkata. Shri Ramakrishna, the Master, was brought here by his disciples to recover his frail health. He was suffering from throat cancer and had difficulty in talking as well as in swallowing food. Dr. Mahehdra Sarkar was treating him and advised him not to strain his throat by talking. However, the Master was busy in moulding the life of a group of selected young dedicated disciples, who were to carry out his mission and enlighten the world. The Holy Mother Shri Sarada Devi was staying down stairs and was looking after the Master's comfort. The Master's health was declining fast.

One day, watching the Master gazing at her, the Mother

enquired if he would like to tell her something. The Master said in a discontent voice, 'Well my dear, won't you do anything? Should this (pointing to his body) do everything?' 'I am a mere woman. What can I do?' – the Mother uttered. 'No, no', said the Master, 'you'll have to do a lot.'

On another occasion he told her, 'Look, the people of Calcutta are, as if, swarming like worms in darkness. Do look after them.' Then also the Mother pleaded, 'I am a woman. How can that be?' The Master continued pointing towards his body, 'What after all has this one done? You'll have to do much more.'

Long ago at Dakshineshwar, Shri Ramakrishna worshipped the Mother as 'Shakti' (as *Shodashi* on 5th June, 1872 on the day of *Phalaharini Kali Puja*) to awaken her Divine Power. She was the Power of Shri Ramakrishna, the Absolute Brahman. Once the Master said – 'She is not an ordinary woman; She is *Sarada, Saraswati* (the Goddess of Knowledge); she has come to impart knowledge.'

The Master took keen interest and cares to instruct her in great details in spiritual discipline as well as in worldly activities. Shri Ramakrishna knew that, in his absence, she was to carry forward his mission.

The Master passed away in August 1886. The grief-stricken young disciples led by Narendranath (later Swami Vivekananda) didn't want to return home and renounced the world. They didn't have any shelter, nor proper clothing and food. But that couldn't deter their spirit. Most of them went around the country as wandering monks and engaged themselves in *tapasya*. The grief-stricken Mother also went on pilgrimage. While visiting Bodh Gaya she witnessed the comfortable life in Buddhist monastery, and that reminded her misery of the Master's monastic disciples. She wept and

prayed to the Master saying,
'O Master, you came, sported with these few and then went away; and should everything end with that? …those who give up the world in your name may not lack simple food and clothing. They will live together, meditating on you and your teachings, and people afflicted with sorrows of the world will go to them for peace…'

On return from her pilgrimage the Mother started living in her parental house at Jayrambati after a brief stay at Kamarpukur. The monastic disciples of the Master gathered around her. They showed the same respect to her as they used to give to their Master. They too received the same love, affection and guidance from the Mother as they used to get from the Master. Soon, the spiritual seekers and the common earthly life afflicted people from all strata of society started coming to her from different corners of the country to take refuge in her. She became the spiritual center and the source of inspiration for all. She attained the glory of universal motherhood, the *Jagat Janani*.

Swami Vivekananda on his return from the West established the monastery at Belur near Kolkata – the Ramakrishna Math and Ramakrishna Mission, with her blessings. He and his monastic brothers would take her consent prior to taking up any activity. They worshipped her as *Sangha Janani*. She showed extraordinary wisdom and became the centre of activity.

Shri Ramakrishna said: *Karma* is needed to realize God. Unless one does *Karma* one cannot acquire *Bhakti* and thus cannot realize God. *Dhyana* (Meditation), *Japa* (Repeating His name), *Gunakirtan* (Singing His praise) are acts of *Karma*– also, acts of giving (*Daan*), Vedic Sacrifices (*Yagna*).*

---

* [Sri Sri Ramakrishna Kathamrita, Part I, Chapter 13, Section 3, Page 170, Bengali edition published by Kathamrita Bhawan].

Performing action in a selfless and dispassionate (*Nishkam*) manner without any desire of its fruit is *Karma Yoga.*

Shri Krishna said:

'I have, O Paartha, no duty, nothing that I have not gained, in the three worlds; yet I do continue in action.'

'If ever I did not continue to work without any relaxation, O Paartha, men and women would in every way follow my example'.*

Similarly, the Holy Mother though fully aware of her true nature, behaved as a human being and remained ceaselessly occupied with meditation, japa, and all kinds of household activities, so that people follow her example.

